सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - २ अंक -५१ सोमवार –२३/०६/२०२५ पृष्ठ – ४ प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

### ईरान पर हमले का अमेरिकी दाव उल्टा न पड जाए।

**मधुसूदन शर्मा**

ईरान के परमाणु स्थलों पर अमेरिका के हवाई हमलों के बाद पाकिस्तान बुरी तरह फंस गया है। अमेरिका ने ये हवाई हमले रविवार को तब किए हैं, जब एक दिन पहले ही पाकिस्तान ने घोषणा की थी कि उसने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम नोबेल शांति पुरस्कार के लिए भेजा है। अमेरिकी हमले ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख और डोनाल्ड ट्रंप के बीच वॉइट हाउस की मुलाकात को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल उठने लगा है कि क्या असीम मुनीर को बुलाकर अमेरिका ने पहले ही पाकिस्तान का मुंह बंद करने का इंतजाम कर दिया था।

तेहरान को अपना इस्लामिक भाई कहता है और अब उसी भाई के खिलाफ अमेरिका ने हमला बोल दिया है। खास बात है राष्ट्रपति ट्रंप को इस्लामाबाद शांति का मसीहा बता रहा था। असीम मुनीर से मुलाकात के बाद तो पाकिस्तानी मीडिया ने इस्लामाबाद और वॉशिंगटन के संबंधों के बारे में बढ़ा–चढ़ाकर दावे शुरू कर दिए थे। यहां तक दावा कर दिया गया कि असीम मुनीर ने अमेरिका को ईरान पर हमला न करने के लिए मना लिया है।

पाकिस्तान के रक्षा विशेषज्ञ बाकिर सज्जाद ने कहा, पाकिस्तानी नेतृत्व और विदेश मंत्रालय की दुविधा दयनीय है। अब यह देखने लायक होगा कि वे डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकित करने से लेकर ईरान पर अमेरिकी हमलों की निंदा करने तक एक दिन में कैसे अपना रुख बदल लेंगे? एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा, कूटनीति को एक मौका देने का दावा करने के कुछ ही दिनों बाद ईरान के परमाणु स्थलों पर अमेरिका का हमला एक लापरवाह, अवैध कदम है जिससे परमाणु नतीजे और व्यापक युद्ध का खतरा है। यह शांति स्थापना नहीं है, यह उकसावे की कार्रवाई है। दुनिया को इसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए।

## पंजाब के दो युवक पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार , एक युवक सैना का जवान जो आईएसआई को भेजता था जानकारी l

**युवक पर पेन ड्राईव के जरिए खुफियाँ जानकारी पाकिस्तान भेजता था।**



पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पंजाब की अमृतसर पुलिस ने 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान अमृतसर के धारीवाल के रहने वाले गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी फौजी और उसके साथी साहिल मसीह उर्फ शैली के रूप में हुई है। आरोपियों से 2 मोबाइल जब्त किए गए हैं। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि गुरप्रीत सिंह भारतीय सेना में है। जो जम्मू में है। वह पाकिस्तान में बैठे ISI के एजेंट राणा जावेद के साथ संपर्क में था। हमें शक है कि गुरप्रीत ने पेन ड्राइव के जरिए खुफिया जानकारियां पाकिस्तान भेजी हैं। सेना की खुफिया जानकारी लीक कीरू अमृतसर के एसएसपी मनिंदर सिंह ने कहा कि गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी फौजी 2016 में सेना में भर्ती हुआ था। हमें शक है कि उसने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए सेना की खुफिया जानकारी जुटाई और पैन ड्राइव और डिस्क के जरिए पाकिस्तान में बैठे आईएसआई के एजेंट्स को लीक की।

## नीमच पुलिस आरक्षक को हनीट्रेप में फसाने ओर 1 लाख 70 हजार की वसुली के आरोपी दंपति की जमानत याचिका खारिज l


*आरोपी महिला के मोबाईल से ओर भी ट्रजेक्शन ओर खुलासे की सम्भवना ।*

मंदसौर में हनी ट्रैप के मामले में जेल में बंद रंजू तिवारी और उसके पति हरीश तिवारी की जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी है। दंपती पर आरक्षक से धमकी देकर 1.70 लाख रुपए वसूलने का आरोप है। शनिवार को मजिस्ट्रेट कोर्ट ने दोनों की जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद अर्जी खारिज कर दी।

नीमच पुलिस लाइन में पदस्थ आरक्षक गोपाल मालवीय ने पिपलिया मंडी पुलिस चौकी में शिकायत दी थी कि हरीश तिवारी और उसकी पत्नी रंजू तिवारी ने मिलकर उसे झूठे केस मे फंसाने की धमकी दी और 1 लाख रुपए नकद और 70 हजार रुपए फोन–पे से वसूल लिए। इसके बाद भी दोनों लगातार पैसों की डिमांड कर रहे थे। 16 जून को दर्ज हुआ केस, उसी दिन हुई गिरफ्तारी – शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने 16 जून को बीएनएस की धारा 308(2), 308(6), 61(2) और 3(5) के तहत केस दर्ज किया। उसी रात पिपलिया मंडी चौकी पुलिस ने दंपती को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। कोर्ट में लगाइ थी जमानत की अर्जी – दंपती की ओर से कोर्ट में जमानत के लिए अर्जी लगाई गई थी, लेकिन मजिस्ट्रेट ने इसे खारिज कर दिया। फिलहाल दोनों मंदसौर जिला जेल में बंद हैं। आरोपी महिला के मोबाइल में मिले कई ट्रांजैक्शन – पिपलिया मंडी चौकी प्रभारी धर्मेश यादव ने बताया कि कॉन्स्टेबल की शिकायत पर कार्रवाई की गई है। जांच में सामने आया कि आरोपी रंजू तिवारी ने पति से मारपीट का बहाना बनाकर कॉन्स्टेबल को घर बुलाया था। आरोपी महिला पहले भी इस तरह की वारदात कर चुकी है।

## नीमच के जावी में हाई टेंशन लाईन की चपेट मे आने पर छत पर टहलते युवक कीं से युवक की ससुराल मे मौत

*लाईन हटाने को कई बार शिकायत की विभाग ने नही दिया ध्यान*



जिला मुख्यालय के जावी गाँव में दामाद की ससुराल में मोत का मामला सामने ओया । मृतक कृष्णपाल पिता बाबूलाल निवासी फतेपुरी, मल्हारगढ़ का निवासी था, अपने ससुराल जावी आया थे । दरअसल, कृष्णपाल सिंह छत पर गया। वहां ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से वह वहीं चिपक गया। परिजनों ने जब उसे देखा तो तुरंत बिजली कंपनी को सूचित किया। लाइन बंद करवाने के बाद कृष्णपाल को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हाई टेंशन लाइन को हटाने के लिए कई बार की शिकायत – परिजनों का आरोप है कि मकान के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन को हटाने की कई बार शिकायत की गई थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। मृतक के परिवार में 10 साल बेटा है। पुलिस ने शुक्रवार दोपहर में युवक का पोस्टमॉर्टम करवारकर शव परिजनों को सौंप दिया। बिजली कंपनी के कार्यपालन यंत्री ने बताया कि जांच में पाया गया कि पहले से स्थापित एलटी लाइन के नीचे अनाधिकृत निर्माण किया गया था। मृतक रात में छत पर टहलते समय एलटी केबल लाइन के संपर्क में आया। सिटी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## डिजीसीए की एयर इंडियाँ को लाईसेंस निरस्त करने की चेतावनी

*कल एयरलाईन्स के तीन अफसर हटाएगएं।*





डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डिजीसीए) ने एअर इंडिया को गंभीर चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर फ्लाइट ऑपरेशन में गड़बड़ियां जारी रहीं, तो एयरलाइन का लाइसेंस सस्पेंड किया जा सकता है या वापस भी लिया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह कदम पायलट ड्यूटी शेड्यूलिंग और निगरानी में लगातार और गंभीर उल्लंघनों के कारण उठाया गया है। इससे पहले शनिवार को (डिजीसीए) के आदेश पर एअर इंडिया को 3 अफसरों को हटाया था। इनमें डिविजिनल वाइस प्रेसिडेंट चूड़ा सिंह, क्रू शेड्यूलिंग करने वाली चीफ मैनेजर पिंकी मित्तल और क्रू शेड्यूलिंग की प्लॉनिंग से जुड़ी पायल अरोड़ा शामिल हैं।

तीनों अफसरों के खिलाफ यह कार्रवाई एविएशन सेफ्टी प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन को लेकर की गई। डीजीसीए ने एअर इंडिया को तत्काल प्रभाव से इन्हें क्रू शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग से जुड़े रोल से हटाने का आदेश दिया।

## पहलगाम हमले में अंतकियों को जगह देने वाले दो लोगो को गिरफ्तार किया गया l

*अंतिकी पाकिस्तान नागरीक व लश्कर से जुडे थे।*



22 अप्रैल को पहलगाम की बायसरन घाटी में आतंकियों ने टूरिस्ट्स पर गोली चलाई थीं। हमले में एक स्थानीय समेत 26 लोगों की मौत हुई थी।

पहलगाम आतंकी हमले के दो महीने बाद नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने पहलगाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच में खुलासा हुआ है कि इन दोनों ने हमले को अंजाम देने वाले तीन आतंकियों को पनाह दी थी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम परवेज अहमद जोठार और बशीर अहमद जोठार हैं। पूछताछ में दोनों ने आतंकियों की पहचान बताई और यह भी पुष्टि की कि वे पाकिस्तानी नागरिक थे और प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर–ए–तैयबा से जुड़े हुए थे। एजेंसी के मुताबिक, परवेज और बशीर ने हमले से पहले इन तीनों आतंकियों को हिल पार्क स्थित एक अस्थायी ढोक (झोपड़ी) में जानबूझकर ठहराया था। उन्होंने उन्हें खाना और अन्य सुविधाएं मुहैया कराईं

## देश मे निरंतर बारिश जारी ,गुजरात हाईवे पर पानी भरा

**राजिस्थान में बारिश से छः की मौत**

प्रदेश की कई नदियां उफान पर हैं। इस वजह से सिरोही जिले में दिल्ली–गुजरात नेशनल हाईवे पर पानी भर गया। वहीं, जोधपुर में पुलिया पर पानी के बीच से निकल रही कार नाले में गिर गई। पानी में डूबने से तीन लोगों की मौत हो गई।

मध्य प्रदेश के चित्रकूट जिले में शुक्रवार रात से हो रही बारिश से बाढ़ जैसे हालात हो गए। गुप्त गोदावरी पहाड़ी पर पानी का बहाव तेज होने से श्रद्धालुओं की एंट्री रोक दी गई है। गुना जिले के फतेहगढ़ में कोहन नदी में ट्रैक्टर–ट्रॉली बहने से तीन युवकों की मौत हो गई।

उधर गुजरात के उत्तरी इलाकों में भी भारी बारिश हो रही है। बनासकांठा जिले के अमीरगढ़ में रविवार सुबह दो घंटे में 101.6 उउ (4 इंच) बारिश होने से बाढ़ जैसे हालात बन गए। यहां की स्थानीय नदी कालेडी उफान पर है।

## ईरान से 1117 नागरिको को भारत लाया गया ।

**नागरिकोने वन्दे मातरम के नारे लगाए।**



ईरान से दिल्ली पहुंचे यात्रियों ने एयरपोर्ट पर श्वन्दे मातरम और श्भारत माता की जय के नारे लगाए। ईरान–इजराइल संघर्ष के बीच ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक कुल 1,117 भारतीयों को निकाला गया है। मशहद से एक और प्लेन शनिवार की रात 11:30 बजे 290 नागरिकों को लेकर नई दिल्ली पहुंचा। इससे पहले शाम 4.30 बजे 310 नागरिकों को जत्था राजधानी पहुंचा था। रात 10रू30 बजे की फ्लाइट में 190 कश्मीरी छात्रों समेत 290 लोगों की वापसी हुई थी।

इनमें दिल्ली, हरियाणा, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल से भी लोग थे। देर रात 3 बजे की फ्लाइट में 117 लोग थे। 19 जून को 110 छात्र आर्मेनिया और दोहा के रास्ते भारत पहुंचे थे। ईरान से दिल्ली पहुंचे इन यात्रियों ने एयरपोर्ट पर श्वन्दे मातरम्श और भारत माता की जयश के नारे लगाए थे। कुछ लोग भावुक भी हुए। उनकी आंखों में आंसू आ गए।



डिजीटल संस्करण

https://sbpatra.in

पर उपलब्ध



सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)

https//:sbpatra.in


पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

YouTube

SWATANTRA BODDHIK PATRA

खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/













| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| गुगल सर्च करे - https://sbpatra.in/ | होम पेज पर केटेगिरी मे जाए | ई-पेपर केटेगिरी चुने | समाचार पत्र आपके सामने क्लिक करे ! |

# निःशुल्क ई-पेपर प्रति सोमवार को वेब पोर्टल https://sbpatra.in/ से डाउनलोड कर सकते है।


## स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)



https//:sbpatra.in



पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

## इजराइल में माइक्रोसॉफ्ट के पास गिरी ईरानी मिसाइल छः घायल अमेरिका बोला ईरान परमाणु बम बनने के नजदीक

**ईरान परमाणु बम के नजदीक है सवोच्चय नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के आदेश का इंतजार**



ईरान ने इजराइल के बीर्शेबा शहर पर शुक्रवार सुबह बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक मिसाइल माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के नजदीक गिरी। इससे कई कारों में आग लग गई।

आस–पास के घरों को भी नुकसान पहुंचा। इसमें 6 लोग घायल हो गए हैं। यह लगातार दूसरा दिन है, जब बीर्शेबा शहर पर मिसाइल हमला हुआ है। इससे पहले गुरुवार को भी ईरान ने बीर्शेबा के एक अस्पताल पर मिसाइल दागी थी, जिसमें 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। ईरान के शुक्रवार सुबह मिसाइल हमले के बाद बीर्शेबा शहर में पार्किंग में खड़ी कई गाड़ियों में आग लग गई। ईरान के शुक्रवार सुबह मिसाइल हमले के बाद बीर्शेबा शहर में पार्किंग में खड़ी कई गाड़ियों में आग लग गई।न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका का मानना है कि ईरान अब परमाणु हथियार बनाने की पूरी क्षमता रखता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने गुरुवार को कहा कि अगर ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई आदेश दे दें, तो ईरान कुछ ही हफ्तों में परमाणु बम बना सकता है। लेविट ने कहा कि ईरान के पास परमाणु हथियार बनाने के लिए जरूरी हर चीज मौजूद है। अब बस उन्हें अपने नेता के हां कहने भर की देर है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर ईरान ऐसा करता है, तो इससे सिर्फ इजराइल नहीं, बल्कि अमेरिका और पूरी दुनिया की सुरक्षा को खतरा होगा।

## सात साल बाद चीन में कोई भारतीया नेता जाएगा l रक्षामंत्री राजनाथ मीटिंग में हिस्सा लेन चीन जाएँगेl

**एससीओ की बैठक मे भारते के रक्षामंत्री राजनाथ करेंगे चीन का दौर**



राजनाथ सिंह की मुलाकात चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून से द्विपक्षीय वार्ता के तौर पर भी होगी। इस दौरान दोनों देशों के बीच वीजा नीति, कैलाश यात्रा, जल आंकड़ों का साझा करना और हवाई संपर्क बहाल करने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हो सकती है।

दिसंबर 2024 में पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद पर समझौता हुआ – भारत–चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में 2020 से सीमा विवाद को लेकर तनाव था। दो साल की लंबी बातचीत के बाद दिसंबर 2024 एक समझौता हुआ है। इसमें तय हुआ कि दोनों सेनाएं विवादित पॉइंट्स देपसांग और डेमचोक से पीछे हटेंगी।

18 अक्टूबररू देपसांग और डेमचोक से पीछे हटने की जानकारी सामने आई थी। इसमें बताया गया था कि यहां से दोनों सेनाएं अप्रैल 2020 से पहली की स्थिति में वापस लौटेंगी। साथ ही उन्हीं क्षेत्रों में गश्त करेंगी, जहां अप्रैल 2020 से पहले किया करती थीं। इसके अलावा कमांडर लेवल मीटिंग होती रहेगी।2020 में भारत–चीन के सैनिकों के बीच गलवान झड़प के बाद से देपसांग और डेमचोक में तनाव बना हुआ था। करीब 4 साल बाद 21 अक्टूबर को दोनों देशों के बीच नया पेट्रोलिंग समझौता हुआ। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया था कि इसका मकसद लद्दाख में गलवान जैसी झड़प रोकना और पहले जैसे हालात बनाना है।

राजनाथ की चीनी रक्षा मंत्री से द्विपक्षीय वार्ता होगी – राजनाथ सिंह की मुलाकात चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून से द्विपक्षीय वार्ता के तौर पर भी होगी। इस दौरान दोनों देशों के बीच वीजा नीति, कैलाश यात्रा, जल आंकड़ों का साझा करना और हवाई संपर्क बहाल करने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हो सकती है।

दिसंबर 2024 में पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद पर समझौता हुआ – भारत–चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में 2020 से सीमा विवाद को लेकर तनाव था। दो साल की लंबी बातचीत के बाद दिसंबर 2024 एक समझौता हुआ है। इसमें तय हुआ कि दोनों सेनाएं विवादित पॉइंट्स देपसांग और डेमचोक से पीछे हटेंगी।

## ट्रम्प की पाकिस्तान आर्मी चीफ से बंद कमरे मे मुलाकात

**अमेरिका मे पहली बार किसी राष्ट्रपति ने सेना चीफ की मेजबानी की ।**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर से बंद कमरे में मुलाकात की। दोनों ने व्हाइट हाउस के कैबिनेट रूम में साथ लंच किया। यह पहली बार है जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ की मेजबानी की है।

यह मुलाकात मुनीर के ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार देने की मांग वाले बयान के बाद हुई। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एना केली ने बताया कि मुनीर ने ट्रम्प को मई में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने का क्रेडिट दिया है। उनके इस बयान के सम्मान में ट्रम्प ने उन्हें लंच पर बुलाया था। आसिम मुनीर अभी अमेरिका के दौरे पर हैं।

ट्रम्प से उनकी मुलाकात से कुछ घंटे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति से 35 मिनट तक फोन पर बातचीत की थी। इस दौरान मोदी ने साफ कहा था कि 7 से 10 मई तक चले ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय और पाकिस्तानी सेनाओं के बीच बातचीत के बाद सीजफायर हुआ था। किसी बाहरी मध्यस्थता के माध्यम से नहीं।

## ऑपरेशन सिंदुर में तबाह आंतकी ठिकानो की पाक आर्मी चीफ असिम मुनीर करा रहे मरम्मत l

**सरकार ने अब तक 40 करोड का फण्ड जारी किया ।**

भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत 7 मई की रात को पाकिस्तान और च्वझ्र के अंदर मौजूद कई आतंकी ठिकानों को सटीक हमलों में तबाह कर दिया था। इनमें आतंकी संगठन लश्कर–ए–तैयबा और जैश–ए–मोहम्मद के ठिकाने शामिल थे। अब, पाकिस्तान आर्मी उसे फिर से ठीक करा रही है।पाक सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने खुद दखल देते हुए इन आतंकी ठिकानों को रिस्टोर के लिए अब तक 40 करोड़ रूपए का सरकारी फंड जारी किया है। यह फंडिंग उन मदरसों और मस्जिदों तक भी पहुंच रही है जिनका सीधा संबंध लश्कर और जैश जैसे संगठनों से रहा है। मुनीर ने तबाह अड्डों को 11 दिन में ठीक करने को कहा – च।झ्र आर्मी चीफ मुनीर ने मरकज सुब्हान अल्लाह परिसर, बिलाल मस्जिद, उम्मुल कुर्रा, जामिया दावा इस्लामी मदरसा व भारतीय हमलों में तबाहहुए अन्य आतंकी ठिकानों को रिपेयर करने की डेडलाइन 31 जून तय की है। दरअसल, 1 जुलाई से पाकिस्तान में मदरसे खुलेंगे। पहले मदरसे 20 जून से खुलने थे, लेकिन इनके ठीक न हो पाने के चलते मदरसे खुलने की तारीख बदल दी गई है। मुनीर ने इन्हें रिपेयर करने के लिए एक टीम बनाई है। वह खुद इन कामों की निगरानी कर रहे हैं। जिससे साफ है कि पाक अपने यहां पाले गए आतंकवाद को फिर खड़ा कर रहा है।

## पाकिस्तान ने फिर माना भारत ने नूर खान-शेरकोट एयरबेस तबाह किया

**पाकिस्तान उप प्रधानमंत्री ईशाक डार ने खुलासा करते हुआ स्वीकारा की भारत से एयर बेस का नुकसान हुआ ।**



पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने पहली बार माना है कि भारत ने उनके दो बड़े एयरबेस नूर खान और शोरकोट एयरबेस पर हमला किया था। डार ने जियो न्यूज पर खुलासा करते हुए बताया कि 6–7 मई की रात को पाकिस्तान जवाबी हमला करने की तैयारी कर रहा था, तभी भारत ने दोबारा स्ट्राइक कर दी और नूरखान–शोरकोट एयरबेस को निशाना बनाया।

इससे पहले पाकिस्तान सरकार और सेना ने भारत के हमले की बात को नकारा था। हालांकि, कुछ समय बाद पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने और अब डिप्टी पीएम इशाक डार ने हमलों की पुष्टि कर दी है।वहीं, डार ने सीजफायर के पीछे सऊदी प्रिंस की पहल होने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि, श्6–7 मई की रात को हमले के 45 मिनट बाद सऊदी प्रिंस ने फोन कर भारत से बातचीत का प्रस्ताव दिया था, फिर हमारे हां कहने पर उन्होंने भारत से बातचीत की थी।

दरअसल, 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद 7 मई को भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। इसके बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बना हुआ है।

## इजराइल-ईरान में संघर्ष के दौरान इजराइल मेडिकल सेंटर पर ईरानी मिसाइल गिरी , इससे पब्लिक इफ्रास्ट्रक्चर को भारी नुकसान

**मिसाइल गिरने के बाद इजरईल मे अफरा तफरी , रिपौर्ट के मुताबीक इजराईल का बजट गाजा युद्ध मे खर्च कफि खर्च हो गया है।**



ईरान और इजराइल के बीच जारी संघर्ष सिर्फ सैन्य नहीं, अब आर्थिक संकट में भी बदलता जा रहा है। पूर्व इजराइली रक्षा सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल रीम एमीनाक के मुताबिक, इजराइल का रोजाना युद्ध लड़ने में 725 मिलियन डॉलर (करीब घ्6,000 करोड़) खर्च हो रहा है। इसमें केवल मिसाइल, जेट ईंधन, बमबारी और सैनिक तैनाती जैसे सीधे खर्च शामिल हैं। पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को हुए नुकसान और प्रोडक्टिविटी में गिरावट को भी जोड़ा जाए, तो असल खर्च इससे कहीं ज्यादा हो सकता है।इजराइली वित्त मंत्रालय ने 2025 मेंघटाकर 3.6ः कर दिया है। वहीं, 2025 में पहले से तय बजट घाटे की सीमा 4.9 से बढ़ सकती है।

ईरान ने इजराइल के बीर्शेबा शहर पर शुक्रवार सुबह मिसाइल हमला किया। इससे कई गाड़ियों में आग लगा गई। ईरान ने इजराइल के बीर्शेबा शहर पर शुक्रवार सुबह मिसाइल हमला किया। इससे कई गाड़ियों में आग लग गई।

पहले 2 दिन में ही घ्12,500 करोड़ रूपए खर्च हुए – 13 जून को ईरान पर अटैक के बाद पहले दो दिन में इजराइल का खर्च 1.45 अरब डॉलर (करीब घ्12,500 करोड़ रूपए) तक पहुंच गया था। इसमें से 593 मिलियन डॉलर (करीब घ्5 हजार करोड़) बमबारी और जेट ईंधन और बाकी रक्षा संचालन में गए।

बजट घाटा बढ़ने और ळक्च गिरने का अनुमान – इजराइल के वित्त मंत्रालय ने 2025 के लिए जो बजट घाटे की सीमा तय की थी, वह ळक्च का 4.9ः यानी लगभग 27.6 अरब डॉलर थी। लेकिन यह अनुमान ईरान के साथ नया युद्ध शुरू होने से पहले का था। अब इजराइल का बजट घाटा और बढ़ सकता है। वहीं, इजराइल का रक्षा बजट पहले ही गाजा युद्ध में काफी खर्च हो चुका है। इसी वजह से वित्त मंत्रालय ने 2025 में ळक्च ग्रोथ रेट का अनुमान 4.3ः से घटाकर 3.6ः कर दिया है।

खबरों के लिए लोगिंन करे

https://sbpatra.in/

स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारीक बेवसाइट https://sbpatra.in/ पर उपलब्ध है। अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्य सामग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोइ वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीय अपराध होगा ,ऐसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है । - सम्पादक मधुसूदन शर्मा